दिन– मंगलवार                                                                                    दिनांक– 03 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                                                        अवधिः– 15 मिनट

---

01. सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी, सीएचओ के चार हजार पांच सौ पदों के लिए आयोजित परीक्षा रद्द। ईओयू ने विशेष टीम बनाकर जांच शुरू की।

02. प्रदेश में पैक्स के पांचवे और अंतिम चरण के चुनाव के लिए मतदान जारी। तैंतीस जिलों के एक हजार अंठानवे पैक्स के लिए डाले जा रहे हैं वोट।

03. यू–विन पोर्टल के माध्यम से शिशुओं और गर्भवती महिलाओं को टीके की खुराक देने में बिहार देशभर में अव्वल।

04. और, आज अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तैंतीस व्यक्तियों और संस्थाओं को दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण में असाधारण योगदान के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करेंगी।

————————————————————————

राज्य स्वास्थ्य समिति ने सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी, सीएचओ के चार हजार पांच सौ पदों के लिए आयोजित परीक्षा रद्द कर दी है। समिति ने कहा है कि परीक्षा की नई तिथि की घोषणा जल्द की जाएगी। इधर, आर्थिक अपराध इकाई के डीआईजी मानवजीत सिंह ढ़िल्लो ने बताया कि परीक्षा के दौरान तीन ऑनलाइन सेंटर पर छापेमारी की गई जिसमें बड़े पैमाने पर गड़बड़ी पाई गई। उन्होंनें बताया कि इस मामले में सैंतीस सदिग्धों को हिरासत में लिया गया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

———बाईट———

इधर, ईओयू ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद विशेष टीम बनाकर जांच शुरू कर दी है।

————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से आज पटना में मेधा दिवस समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्‌घाटन शिक्षा मंत्री सुनील कुमार करेंगे। पटना के ज्ञान भवन में आयोजित इस समारोह में मैट्रिक और इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षा दो हजार चौबीस के टॉपरों को सम्मानित किया जायेगा। बोर्ड से प्राप्त जानकारी के अनुसार मैट्रिक परीक्षा में राज्यभर में टॉप टेन स्थान पाने वाले इक्यावन विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे, जबकि इंटरमीडिएट के चौबीस विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जायेगा। गौरतलब है कि देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद की जंयती के मौके पर प्रतिवर्ष राज्य सरकार की ओर से मेधा दिवस मनाया जाता है।

————————————————————————

प्रदेश में पैक्स के पांचवे और अंतिम चरण के चुनाव के लिए मतदान आज हो रहा है। इस चरण में तैंतीस जिलों के एक सौ सात प्रखंडों के एक हजार अंठानवे पैक्स के लिए वोट डाले जा रहे हैं। इस चरण में इक्कीस लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार उग्रवाद प्रभावित प्रखंडों में दोपहर तीन बजे तक वोट डाले जायेंगे, जबकि शेष प्रखंडों में शाम साढ़े चार बजे तक मतदान होगा। मतगणना कल होगी। छह दिसम्बर को राज्य में पैक्स चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी।

———————————————————

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि यू–विन पोर्टल के माध्यम से शिशुओं और गर्भवती महिलाओं को सबसे अधिक संख्या में टीके की खुराक देने में बिहार देशभर में अव्वल रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार के बाद उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश का स्थान है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व में प्रदेश टीकाकरण में सबसे आगे रहा है।

———————————————————

धम्म की शताब्दी मनाने के उपलक्ष्य में थाईलैंड से निकली चौथी मेकांग गंगा धम्म यात्रा बिहार पहुंच गई है। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कल रात राजभवन में थाईलैंड से आए तीर्थयात्रियों का स्वागत किया और सदस्यों के साथ बातचीत की। श्री आर्लेकर ने प्रतिनिधिमंडल को संबोधित किया और थाईलैंड में भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों के साथ छब्बीस दिनों की यात्रा के दौरान थाईलैंड के लोगों की गर्मजोशी और भक्ति का स्मरण किया। इस धम्मयात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत और थाईलैंड के लोगों को एक साथ लाना है।

———————————————————

गया के महाबोधि मंदिर परिसर में आज से उन्नीसवें अंतर्राष्ट्रीय त्रिपिटक पूजा की शुरूआत होगी। दस दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में भारत, नेपाल, बांग्लादेश, कम्बोडिया, लाओस, थाईलैंड, श्रीलंका और वियतनाम समेत कई देशों के बौद्ध भिक्षु शामिल होंगे। आज अलग–अलग देशों के बौद्ध भिक्षुओं द्वारा शोभा यात्रा निकाली जा रही है।

———————————————————

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में आवास निर्माण के कार्य तेज किये जायेंगे। उन्होंने पटना में कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत लाभुकों को राशि प्रदान करने के लिए सात करोड़ छियालीस लाख रूपये की

राशि जिलों को भेज दी गयी है। इस राशि से घर बनाने के लिए लगभग एक हजार नौ सौ लाभुकों को चालीस–चालीस हजार रूपये दिये जायेंगे।

———————————————————————

प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग क्षेत्र में चौदह प्रमुख कम्पनियां दो हजार एक सौ इक्यासी करोड़ रूपये का निवेश करेंगी। साथ ही इस क्षेत्र में राज्य में चार हजार एक सौ पचहत्तर नौकरियां भी सृजित होंगी। पटना में फूड प्रोसेसिंग इन्वेस्टर्स मीट के दौरान इस संबंध में निवेशकों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। समिट को संबोधित करते हुए केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि बिहार में खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। श्री पासवान ने कहा कि आज केंद्र और राज्य दोनों में एनडीए की सरकार है। इससे बिहार को विकसित बनाने में मदद मिलेगी।

———बाईट———

इस मौके पर उद्योग मंत्री नीतीश मिश्र ने निवेशकों से निवेश की अपील करते हुये कहा कि राज्य सरकार उन्हें हर सम्भव सहायता करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए आधारभूत संरचना के साथ कच्चे माल भी बड़ी मात्रा में उपलब्ध हैं।

———————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस दो हजार चौबीस के अवसर पर तैंतीस व्यक्तियों और संस्थाओं को दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण में असाधारण योगदान के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करेंगी। प्रदेश में भी इस मौके पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने इस मौके पर अपने संदेश में कहा है कि सामाजिक उत्थान में दिव्यांगजनों की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की जिम्मेदारी हम सबों की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में कहा कि राज्य सरकार दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने वाली आधारभूत सुविधाओं पर गम्भीरता से काम कर रही है ताकि उनके लिए समानता का अवसर उपलब्ध हो सके। इधर, समाजसेवी नवल किशोर शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर दिव्यांगजनों के सम्मान के लिए उठाये गये कदमों को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार जताया।

———बाईट———

———————————————————————

पटना के गांधी मैदान में आयोजित राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकीकरण मेले में तीन करोड़ उनहत्तर लाख रूपये का अनुदान किसानों को दिया गया। कृषि सचिव संजय अग्रवाल ने मेले के समापन के मौके पर कहा कि दो सौ किसानों के बीच कृषि यंत्र खरीदने के लिए अनुदान राशि दी गयी। उन्होंने कहा कि हमें खेती की नई तकनीकों को अपनाने पर जोर देना होगा।

———बाईट———

————————————————————————

खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव एन. सरवन कुमार ने अधिकारियों को धान की खरीद में तेजी लाने के निर्देश दिया है। उन्होंने पटना, मगध, भागलपुर और मुंगेर प्रमंडल के सभी जिलों के जिला आपूर्ति पदाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों से ई—केवाईसी कार्य में तेजी लाने के लिए व्यक्तिगत स्तर पर प्रयास करने को कहा है। श्री कुमार ने कहा कि अब तक राज्यभर में अड़सठ हजार चार सौ तिहत्तर टन धान की खरीद हुई है।

————————————————————————

एनसीसी कैडेटस को प्रशिक्षण देने के लिए लगभग दो हजार पूर्व सैनिकों को अकादमियों में नियुक्त किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार को दिए साक्षात्कार में राष्ट्रीय कैडेट कोर के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह ने कहा कि अग्निवीर योजना में एनसीसी कैडेट उत्साह से भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि एनसीसी उन कैडेटस को प्रशिक्षण भी दे रही है जो सेना में शामिल होना चाहते हैं।

———बाईट———

एनसीसी कैडेट्स बढ़—चढकर अग्निवीर में हिस्सा ले रहे हैं। हमारे अग्निवीर के लिए हम एनसीसी कैडेट्स जो कि फौज में आना चाहें एनसीसी से हम उनको ट्रेनिंग देते हैं ताकि वो जब ट्रेनिंग के लिए जाएं तो एक तरह से सेमिट्रेंड हों। अग्निवीर से जो कैडेट जो पांच साल के बाद कोई दूसरा अपना कैरियर चुनना चाहें वो उसके पास ऑप्शन रहती है।

————————————————————————

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष दो हजार उन्नीस—बीस में लगभग चौरानवे लाख उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया गया है। कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री जयंत चौधरी ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में बताया कि चालू वित्त वर्ष में लगभग पन्द्रह लाख उम्मीदवारों को इस योजना से लाभ हुआ है। एक अन्य प्रश्न के जवाब में सरकार ने बताया है कि तीन लाख से अधिक उम्मीदवारों ने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत प्रोफाईल विवरण करने का कार्य पूरा कर लिया है। इस योजना के तहत चालू वित्तीय वर्ष में एक लाख पच्चीस हजार इंटर्नशिप अवसर प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है।

———————————————————————

राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने पटना सदर की तत्कालीन भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, डीसीएलआर मैत्री सिंह को निलंबित कर दिया है। विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने उनके खिलाफ अनुसाशनात्मक कार्रवाई करने की अनुशंसा सामान्य प्रशासन विभाग से की है।

———————————————————————

पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित बत्तीसवीं जूनियर तलवारबाजी प्रतियोगिता के व्यक्तिगत फ्यॉल स्पर्धा में हरियाणा के सचिन ने स्वर्ण पदक जीता है। एसएसबी के हिमेश सिंह ने रजत और मणिपुर के ओणम दिनेश तथा कंगबाम दिनेश ने पदक कांस्य प्राप्त किया। सत्ताईस सालों बाद पटना में आयोजित हो रही प्रतियोगिता में उनतीस राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के आठ सौ से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

सिकंदराबाद में खेली जा रही चौदहवीं राष्ट्रीय सब जूनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता में बिहार और कर्नाटक के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। दोनों टीम कोई गोल नहीं कर सकी, लेकिन ग्रुप मैचों में कम अंक के कारण बिहार की टीम प्रतियोगिता से बाहर हो गयी।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने सीएचओ भर्ती परीक्षा रद्द किये जाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने इस खबर का शीर्षक लगाया है– फर्जीवाड़ा, सीएचओ भर्ती परीक्षा रद्द, सैंतीस गिरफ्तार। पटना के ऑनलाईन परीक्षा केन्द्रों पर कम्प्यूटर में की गयी छेड़छाड़।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– मानक पूरा नहीं करने वाली आईटीआई का पंजीकरण होगा रद्द।

दैनिक भास्कर ने पटना हाई कोर्ट के एक निर्णय के हवाले से लिखा है– आर्म्स लाईसेंस के लिए केवल जान का खतरा होना जरूरी नहीं।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी, सीएचओ के चार हजार पांच सौ पदों के लिए आयोजित परीक्षा रद्द। ईओयू ने विशेष टीम बनाकर जांच शुरू की।

02. प्रदेश में पैक्स के पांचवे और अंतिम चरण के चुनाव के लिए मतदान जारी। तैंतीस जिलों के एक हजार अंठानवे पैक्स के लिए डाले जा रहे हैं वोट।

03. यू–विन पोर्टल के माध्यम से शिशुओं और गर्भवती महिलाओं को टीके की खुराक देने में बिहार देशभर में अव्वल।

04. और, आज अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तैंतीस व्यक्तियों और संस्थाओं को दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण में असाधारण योगदान के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करेंगी।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।